आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–09 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल से तीन दिन तक गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में अनुष्ठान और आराधना में लीन रहेंगे। कल शाम यानी अष्टमी को श्री योगी गोरक्षपीठ की पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे। जबकि, शुक्रवार को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। नवरात्र की पूर्णता के बाद दशहरे के दिन गुरु गोरक्षनाथ की विशिष्ट पूजा कर गोरक्षपीठाधीश्वर, गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे।

शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा को गोरक्षपीठाधीश्वर ने गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में कलश स्थापना की थी। इसके बाद के नियमित नवरात्र पूजन के अनुष्ठान उनके प्रतिनिधि के रूप में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ द्वारा किए जा रहे हैं।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चकबंदी लेखपालों को दीपावली का बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने 8 साल बाद प्रदेश के प्रतिक्षारत चकबंदी लेखपालों को पदोन्नति दी है। प्रदेश के 68 जिलों के 728 चकबंदी लेखपालों को चकबंदीकर्ता (कानूनगो) के पद पर प्रोमोट किया गया है। इस पहल से प्रदेश के किसानों के भूमि संबंधी विवादों के निपटारे में भी तेजी आएगी। वहीं राज्य का कृषि क्षेत्र समृद्ध होगा और किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। चकबंदी आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि 2016 से प्रदेश के विभिन्न जिलों में कानूनगो के कई पद रिक्त चल रहे थे।

****

सुल्तानपुर के एमपी–एमएलए कोर्ट में आज नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के द्वारा गृह मंत्री अमित शाह के मानहानि मामले में सुनवाई हुई। इस अवसर पर वादी भाजपा नेता विजय मिश्रा की ओर से साक्ष्य पेश किया गया, उनका कोर्ट में बयान हुआ। राहुल के अधिवक्ता काशी शुक्ला ने उनसे कई सवाल भी किए। वही वादी के अधिवक्ता संतोष पांडे ने आपेक्षित साक्ष्य की सीडी आज पेश कर दी है, अब कोर्ट ने 17 अक्टूबर को सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की है।

****

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में आज छह सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सपा अध्यक्ष ने अपने गढ़ की करहल सीट पर तेजप्रताप यादव और अयोध्या की मिल्कीपुर से अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है। इसी तरह कानपुर की सीसामऊ सीट पर नसीम सोलंकी, प्रयागराज की फूलपुर सीट से मुस्तफा सिद्दीकी, कटेहरी विधानभा सीट पर शोभावती वर्मा और मझवां सीट से ज्योति बिंद को प्रत्याशी घोषित किया है।

****

पर्याप्त पोषण सहायता सुनिश्चित करने तथा टीबी से संबंधित बीमारी और मृत्यु–दर को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने निक्षय पोषण योजना (एनपीवाई) के माध्यम से पोषण सहायता की राशि को पांच सौ रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये प्रति माह कर दिया है। इसका लाभ सभी नये और पुराने मरीजों को मिलेगा।

वाराणसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि यह वृद्धि 1 नवंबर 2024 से लागू हो जायेगी और सभी नए लाभार्थियों के साथ–साथ प्रभावी तिथि के बाद मिलने वाले लाभों पर भी लागू होगी। उन्होंने कहा कि जनपद में कुल सात हजार पांच सौ चौबीस मरीजों का इलाज चल रहा है।

****

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद आज रायबरेली जिले में करहिया बाजार के पास सड़क हादसे में घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए यहां मेडिकल कॉलेज लाया गया। डॉक्टरों ने उपचार के बाद उन्हें डिस्चार्ज करते हुए आराम करने की सलाह दी है।

****

नवरात्रि का आज सातवां दिन है और इस दिन मां दुर्गा की सातवीं शक्ति माता कालरात्रि की पूजा अर्चना की जाती है। काशी के मंदिरों में माता कालरात्रि के दर्शन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु उमड़े है। माता कालरात्रि को शुभंकरी, महायोगीश्वरी और महायोगिनी भी कहा जाता है। माता कालरात्रि की विधिवत रूप से पूजा अर्चना औ उपवास करने से मां अपने भक्तों को सभी बुरी शक्तियों और काल से बचाती हैं अर्थात माता की पूजा करने के बाद भक्तों को अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है।

****

प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कुशीनगर में आज एन्टी रोमियों टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की चौपाल, पुलिस की पाठशाला समेत अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया गया। इसी क्रम में कौशांबी में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कसिया की छात्रा कोमल को आज एक दिन के लिए अपर शिक्षा अधिकारी बनाया गया। इस दौरान अपर शिक्षाधिकारी ने कई शिक्षकों की शिकायतों का निस्तारण किया। उधर, फर्रुखाबाद में कक्षा 11 की छात्रा को एक दिन का एसपी बनाया गया। छात्रा ने एसपी कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुनी। इस तरह जनपद मऊ, भदोही, अमरोहा में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

****